तापमान
अधिकतम 42.1 डिग्री
न्यूनतम 22.2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 23 अप्रैल 2025

11 जिले भर में विश्व पृथ्वी दिवस की धूम कई कार्यक्रम



12 कम्पयूटर शिक्षा के लिए प्रचार रथ रवाना, विधायक कादियान ने दी हरी झंडी



## खबर संक्षेप



### आशा वर्कर्स की बैठक हुई, 26 को सम्मेलन

**सोनीपत।** पीएचसी खेवड़ा में खेवड़ा की सभी आशा वर्कर्स की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें आशा वर्कर्स यूनियन की जिला सह सचिव छाव, सीटू वरिष्ठ नेता आनंद शर्मा ने मुख्य वक्ता रहे। जिला कमेटी सदस्य सुमन भी सामिल रही। इसमें उन्होंने बताया कि आशा वर्कर्स यूनियन जिला सोनीपत का सम्मेलन आने वाली 26 अप्रैल को छोटूराम धर्मशाला में होना तय किया गया है। 1 मई को अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस में भाग लेने के लिए भी आशा वर्कर्स को प्रोत्साहित किया गया।

### बाइक चोरी की घटना में आरोपित गिरफ्तार

**गोहाना।** शहर थाना गोहाना की पुलिस ने बाइक चोरी में संलिप्त आरोपित गांव बुटाना के आशीष उर्फ टिंकू को गिरफ्तार किया। उसे न्यायालय के आदेश पर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। आशीष पहले पांच आपराधिक घटनाओं में संलिप्त रह चुका है। पुरानी अनाज मंडी के अक्षय ने सोमवार को पुलिस को शिकायत दी थी कि उसने अपनी बाइक घर के सामने खड़ी की थी। आधा घंटा बाद वह घर से बाहर आया तो बाइक नहीं मिली। जांच अधिकारी सोनू ने आरोपित गांव बुआना के आशीष को गिरफ्तार किया।

### चोरों ने जल घर से चार मोटरें चुराई

**गोहाना।** गांव ककाना भादरी के जल घर में चोरों ने सेंध लगाकर चार मोटरें चोरी कर ली। ठेकेदार की शिकायत पर सदर थाना में केस दर्ज किया गया। गोहाना में आदर्श नगर में रहने वाले संदीप कुमार ने पुलिस को बताया कि उसने गांव ककाना भादरी में जल घर में गांव में पानी की सप्लाई देने का ठेका ले रखा है। जल घर में चार मोटरें लगाई गई थी। वह रविवार को जल घर में काम करने गया तो चारों मोटरें नहीं मिली।

### बंद मकान का ताला तोड़ नकदी व आभूषण चुराए

**गन्नौर।** कोट मोहल्ला में बंद मकान का ताला तोड़ चोर नकदी व आभूषण चोरी कर ले गए। पीड़ित महिला ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी है। शिकायत में कोट मोहल्ला निवासी पूनम ने बताया कि उसका पति व बेटा काम पर गए थे। वह भी घर का ताला लगाकर काम पर चली गई। जब वापस घर लौटी तो घर का ताला टूटा हुआ था और अलमारी से 20 हजार रुपये की नकदी, 8 तोले की चांदी की चेन, पाजेब, चांदी का कड़ा गायब थे।

### डॉ. अंबेडकर के जीवन पर होंगी प्रतियोगिताएं

**गोहाना।** पंजाबी कॉलोनी में पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज के लोगों ने बैठक की। इसमें समाज के लोगों ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवन पर भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं करवाने का निर्णय लिया। बैठक की अध्यक्षता पिछड़ा एवं अनुसूचित समाज महासभा गोहाना के अध्यक्ष शेर सिंह बेडवाल ने की। मंच संचालन संगठन के संरक्षक प्रो. शमशेर सिंह भंडेरी ने किया। मार्गदर्शन रामदिया रतेवाल का रहा। संरक्षक सुभाष भट्टी ने अपने अधिकारों के लिए समाज के लोगों को एकजुट होने के लिए प्रेरित किया।

### गांव पूठी के खेत से मोटर, केबल चोरी

**गोहाना।** गांव पूठी से सुमित के खेत से मोटर व केबल चोरी कर ली गई। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। सुमित ने पुलिस को बताया कि उसने सिंचाई के लिए सोलर पैनल का कनेक्शन ले रखा है। चोर मोटर और सोलर प्लेटों से केबल काट कर चोरी कर ले गए।

# चार होनहारों ने पास की यूपीएससी की परीक्षा, इनमें तीन बेटियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने मंगलवार को परिणाम जारी किया। जिसमें जिले के चार होनहारों ने बाजी मारते हुए अफसर बनने का सपना साकार कर दिखाया है। इन चार होनहारों में तीन बेटियां हैं तो एक बेटा है। मुरथल स्थित दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में डीन एवं प्रो. आरके गर्ग के पुत्र डा. श्रेयक गर्ग ने देश भर में 35वां रैंक हासिल करते हुए जिले में सबसे अच्छा रैंक हासिल किया है। वहीं जिले में दूसरे नंबर पर गांव जाजल निवासी कल्पना रावत रहीं है। जिन्होंने 76वां रैंक हासिल किया। गोहाना के गांव घड़वाल की प्रिया ने 219वां व मूल रूप से गन्नौर के गांव कैलाना लेकिन काफी समय से देवनगर सोनीपत निवासी निधी ने 978वां रैंक हासिल किया है। वहीं स्पोर्ट्स स्कूल राई के दो विद्यार्थियों ने भी यूपीएससी में सफलता हासिल की है। इसमें वर्ष 2015 बैच की स्वाती फोगाट ने 306वां व वर्ष 2017 बैच के हिमांशु ने 209वां रैंक हासिल किया है। हालांकि ये दोनों ही विद्यार्थी सोनीपत जिले के निवासी नहीं हैं।

**डॉ. श्रेयक**

## प्रोफेसर के बेटे ने पहले प्रयास में हासिल किया 35वां रैंक



दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल में इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलाजी फैकल्टी के डीन एवं प्रोफेसर के तौर पर कार्यरत प्रो. आरके गर्ग के पुत्र डॉ. श्रेयक गर्ग ने यूपीएससी में 35वां स्थान प्राप्त किया है। डॉ. श्रेयक के पहले ही प्रयास में यह उपलब्धि हासिल करने से परिवार में खुशी की लहर है। डा. श्रेयक ने इससे पहले महाराष्ट्र के वर्धा में महात्मा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान से एमबीबीएस की डिग्री भी हासिल की है, लेकिन उनका सपना आईएएस बनकर लोगों की सेवा करना था। इसलिए प्रयास जारी रखे और सफलता हासिल की।

**कल्पना**

## 76वां रैंक मिला, पति भी हैं आईएएस अधिकारी



गांव जाजल निवासी कल्पना ने अपने यूपीएसई की परीक्षा पास कर 76वां रैंक हासिल किया है। कल्पना ने यह सफलता अपने तीसरे प्रयास में हासिल की है। कल्पना के पति सूर्य प्रताप भी आईएएस हैं। जोकि इन दिनों बिहार के सोनेपुर में बतौर एसडीएम सेवाएं दे रहे हैं। मूल रूप से उत्तर प्रदेश के बरेली के रहने वाले सूर्य प्रताप और कल्पना की शादी 6 दिसंबर 2024 को हुई थी। कल्पना के चाचा सोमबीर रावत ने बताया कि कल्पना के पिता कृष्ण कुमार कांट्रेक्टर हैं और माता अनिल गृहिणी हैं। कल्पना दो भाई-बहनों में छोटी है। उसने 12वीं कक्षा तक की पढ़ाई ब्राइट स्कालर स्कूल से की। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से अंग्रेजी आनर्स किया। पहले दो प्रयासों में सफलता नहीं मिलने के बाद भी कल्पना ने हार नहीं मानी और रोजाना 10 से 12 घंटे तक पढ़ाई की। कल्पना फिलहाल बिहार में और बुधवार को गांव पहुंचेंगी।

**प्रिया**

## घड़वाल के किसान की बेटी ने 219वां रैंक पाया



**गोहाना।** गांव घड़वाल के मध्यम किसान और किराये पर अपनी गाड़ी चलाने वाले संजय सिवाच की बेटी प्रिया ने यूपीएससी की परीक्षा पास की। उन्हें 219वीं रैंक मिली। उन्होंने चौथे प्रयास में यह सफलता मिली। परिवार और गांव में खुशी का माहौल है। गांव घड़वाल की प्रिया ने स्कूली गांव ईशापुर खेड़ी में डीपीएस स्कूल से की। उन्होंने कला संकाय में गणित के पास 12वीं पास की थी। 12वीं की पढ़ाई के बाद दिल्ली में इंद्रप्रस्थ कालेज से आनर्स में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। स्नातक की पढ़ाई करते समय ही उसने दिल्ली में रहकर यूपीएससी की तैयारी शुरू कर दी थी। पहले दो प्रयास में सफलता नहीं मिली। तीसरे प्रयास में इंटरव्यू तक पहुंची। अपनी कमियों को दूर करते हुए कड़ी मेहनत के साथ आगे बढ़ी और चौथे प्रयास में उसने यूपीएससी की परीक्षा पास की। पिता संजय सिवाच मध्यम वर्ग के किसान हैं। वे दिहाड़ी पर गाड़ी भी चलाते हैं। मां मुकेश देवी गृहिणी हैं।

**निधि रंगा**

## 978वां रैंक, कैलाना की बेटी ने नाम रोशन किया



**गन्नौर।** यूपीएससी द्वारा घोषित सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम में गन्नौर क्षेत्र के गांव कैलाना की बेटी निधि रंगा ने आल इंडिया 978वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। मंगलवार को परिणाम घोषित होते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। निधि रंगा शुरू से ही पढ़ाई में मेधावी रही हैं। उन्होंने 12वीं तक की पढ़ाई सोनीपत के शिवा शिक्षा सदन स्कूल से की और 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इसके बाद दिल्ली विश्वविद्यालय से बीएससी (फिजिक्स) में स्नातक किया। निधि को इससे पहले दो प्रयासों में असफलता हाथ लगी, लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। खुद की गलतियों को स्वीकार किया और उसमें सुधार कर 2024 में तीसरे प्रयास में 978वां स्थान पाकर सफलता प्राप्त की। निधि के पिता रघबीर सिंह रंगा अध्यापक रहे हैं और उनके बड़े भाई राहुल दिल्ली में वकालत करते हैं। रघबीर सिंह रंगा ने बताया कि उनकी बेटी निधि दिन में 10 से 12 घंटे पढ़ाई करती थीं।

### सोनीपत के महिला थाने में अजीब कारनामा, सब रह गए दंग

# फर्जी इंस्पेक्टर बनकर शिकायत करवाने थाने पहुंच गई महिला, जमाने लगी रोब, शक होने खुली पोल

- गोहाना थाने में पति के खिलाफ दी थी शिकायत कार्यवाही न होने पर थाने में पहुंची
- महिला को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

महिला थाने में महिला द्वारा अजीब कारनामा करने का मामला सामने आया है। एक महिला पुलिस इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर महिला थाने में पहुंची। आरोपित महिला अपने साथ एक अन्य महिला को लेकर उसकी शिकायत पर कार्रवाई कराने के लिए पहुंची थी। जांच में पता चला कि महिला फर्जी तरीके से खुद को पुलिस अधिकारी बता रही थी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ शहर थाने में मुकदमा दर्ज कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार शाम को पुलिस की वर्दी में महिला इंस्पेक्टर सोनीपत के महिला थाना में पहुंची। उनके साथ एक अन्य महिला भी थी। है। इंस्पेक्टर ने अपनी पहचान रोहतक महिला थाना प्रभारी प्रियंका के रूप में दी। उनकी वर्दी पर नेमप्लेट भी लगी थी। उसने महिला थाना में नियुक्त ज्योति को बताया कि यह गोहाना की रहने वाली सुदेश हैं। उसने अपने पति के खिलाफ गोहाना में शिकायत दी थी। वहां पर कोई कार्रवाई नहीं हुई तो अब यहां शिकायत देने आई है। इसकी शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। इंस्पेक्टर की वर्दी में पहुंची महिला के हावभाव देखकर महिला थाना कर्मी को शक हो गया।



**सोनीपत।** पुलिस टीम के साथ आरोपित फर्जी इंस्पेक्टर।

### वर्दी पहनकर पहुंची आरोपित गिरफ्तार

*महिला थाना में इंस्पेक्टर की वर्दी पहनकर पहुंची आरोपित को गिरफ्तार किया गया है। आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस उससे मामले से जुड़े सवालों की पूछताछ के साथ अन्य जानकारी जुटाएगी। यह पता लगाया जाएगा कि वह पहले भी इंस्पेक्टर बनकर कोई गलत कार्य तो नहीं कर चुकी है।*

*-महेश कुमार, प्रभारी, शहर थाना।*

### खुद की अलग-अलग थानों में तैनाती की बात करने पर फंसी



वर्दी पहने फर्जी इंस्पेक्टर

प्रियंका ने पहले खुद को महिला थाना रोहतक की खुद को प्रभारी बताया। बाद में कहने लगी कि वह गुरुग्राम में तैनात है। साथ ही कहा कि वह नारनौल थाना में इंस्पेक्टर रही है। जिस पर पुलिस को शक हुआ। महिला थाना पुलिस ने शहर थाना प्रभारी को बुला लिया। उनकी पूछताछ में मामले से पर्दा उठ गया। पुलिस ने आरोपित महिला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

### भिवानी की रहने वली है आरोपित महिला, झज्जर में हुई शादी

**महिलाओं के कपड़े सीलने का काम करती है**

पुलिस पूछताछ में आरोपित प्रियंका ने बताया कि वह भिवानी के गांव प्रहलाद गढ़ की बेटी है। उसकी शादी झज्जर जिले के चमनपुरा गांव में संदीप से हुई थी। पति से विवाद के बाद वह अब गोहाना में कथूरा में सोनू नाम के युवक संग सहमति संबंध में रह रही है। वहीं साथ आई महिला ने बताया कि वह महिलाओं के कपड़े सिलाई करती है। प्रियंका उसके पास अपनी कपड़ों की सिलाई करने के लिए आती थी। उसने पति के खिलाफ गोहाना में शिकायत दे रखी थी। अभी कार्रवाई नहीं होने पर प्रियंका ने सुदेश को बताया था कि वह इंस्पेक्टर है और सोनीपत महिला थाना में शिकायत दिलाकर उसकी कार्रवाई कर देगी।

## घर के अंदर फंदे पर लटका मिला दिल्ली पुलिस के जवान का शव

- ऋषि कॉलोनी का रहने वाला था जवान रवि
- परिजन बोले मानसिक रूप से बीमार चल रहा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

ऋषि कॉलोनी में रहने वाले दिल्ली पुलिस के जवान का शव उनके घर के अंदर फंदे पर लटका मिला है।



रवि का फाइल फोटो

परिजन का कहना है कि वह मानसिक रूप से परेशान चल रहे थे। पुलिस ने मामले में निवारक कार्रवाई करते हुए शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया। ऋषि कॉलोनी निवासी रवि (25) करीब चार साल पहले दिल्ली पुलिस में नियुक्त हुए थे। वह सिपाही के पद पर थे। रवि सोमवार रात को ड्यूटी से घर आए थे। उसके बाद अपने कमरे में चले गए। परिजन सुबह जब उन्हें उठाने पहुंचे तो रवि का शव कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिला। परिजनों ने मामले से सिविल लाइन थाना पुलिस को अवगत कराया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। रवि परिवार के छोटे बेटे थे। उनसे बड़े एक भाई हैं। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह ने बताया कि उनके भाई ने बयान दर्ज कराए हैं कि रवि मानसिक परेशान चल रहे थे।

### ईंट-भट्टे पर काम करने वाले परिवार पर हमला, चाकू लगने से दो घायल

**गन्नौर।** पुरानी रंजिश के चलते ईंट भट्टे पर काम करने वाले परिवार पर एक व्यक्ति ने परिजनों के साथ मिलकर हमला कर दिया। हमलावरों भाई-बहन को तेजधार हथियार से हमला घायल कर दिया। घायल की मां ने मामले की शिकायत गन्नौर थाना पुलिस को दी। शिकायत में बागपत निवासी रुकसाना ने बताया कि वह परिवार के साथ अगवानपुर ईंट के भट्टे पर काम करती है। कुछ दिन पहले उसके बेटे अनस और रुस्तम का झगड़ा हुआ था। जिसका समझौता भी हो गया था। 21 अप्रैल को वह भट्टे पर काम कर रहे थे। इस दौरान रुस्तम अपनी पत्नी, बहन व मामा के साथ वह आया और गाली-गलौच करने लगा। विरोध करने पर रुस्तम की पत्नी और बहन ने उसके साथ मारपीट की। वही रुस्तम ने उसके बेटे अनस पर चाकू से हमला कर दिया, जबकि रुस्तम के मामा ने उसकी बेटी सना की पीठ में चाकू घोप दिया।

## रिटायर्ड कर्मियों ने दिया धरना प्रदर्शन करके सौंपा ज्ञापन




**सोनीपत।** एसडीएम को ज्ञापन सौंपते हुए संघ के पदाधिकारी एवं कर्मचारी नेता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

रिटायर कर्मचारी संघ हरियाणा संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी पेंशनर फेडरेशन के आह्वान पर रिटायर कर्मचारियों ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करते हुए धरना दिया। इस दौरान अपनी मांगों से संबंधित एक मांग पत्र उपायुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री के नाम भेजा गया। ज्ञापन में आरोप लगाया कि भारत के समेकित कोष से पेंशन देनदारी पर वहन के लिए केंद्रीय सिविल सेवा पेंशन नियम और सिद्धांतों का सत्यापन जो पेंशन समानता के मूल सिद्धांतों और पेंशन भोगियों को दी गई संवैधानिक सुरक्षा को खतरे में डालता है। मांग की गई है कि यह कानून केवल एक केंद्रीय नीति नहीं है यह संवैधानिक सिद्धांतों न्यायिक जनादेशों और पेंशन भोगियों की गरिमा के साथ विश्वास विश्वास घात है। पेंशन समापन करने वाला बिल है इसको केंद्र सरकार रद्द करें और आठवें वेतन आयोग में पूर्व की सरकारों की तर्ज पर सेवानिवृत कर्मचारियों को इसका लाभ दिया जाए। धरने में पुलिस रिटायर संगठन, रोडवेज, बिजली, वन विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ, नगर निगम, आदि रिटायर नेताओं ने हिस्सा लिया।

### मंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में हुई कष्ट निवारण समिति की बैठक

# खेल मंत्री ने ईओ को लगाई फटकार, व्यक्ति ने खंभा नहीं हटाने पर मुआवजा मांगा तो बोले- आपकी जिंदगी जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जिला कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक का आयोजन खेल मंत्री गौरव गौतम की अध्यक्षता में लघु सचिवालय में हुआ। इस मौके पर 20 शिकायतें रखी गई। जिसमें से 15 शिकायतों का मौके पर समाधान किया गया व पांच शिकायतों को लम्बित रखा गया है। रंगोली बिल्डिर के खिलाफ मिली शिकायत को लेकर एसआईटी गठित के बाद गहनता से जांच के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि वादी इस मामले में हरेरा में भी शिकायत करें और जब तक वहां से कोई कार्यवाही नही होती तब तक इस शिकायत को लम्बित रखा जाएगा। अधिकारियों को निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें और कोशिश करे कि पहली बार मे ही समस्या का समाधान हो। खेल मंत्री ने एचएसवीपी के ईओ को भी फटकार लगाते हुए कहा कि कई मामलों में उनके पास शिकायत आई है। इसीलिए उनकी सुनवाई कर जल्द समस्या का समाधान करे।

नरेश पुत्र भान सिंह की शिकायत पशुपालन विभाग द्वारा सब्सिडी दिलवाने बारे पर मंत्री ने संज्ञान लेते हुए पशुपालन विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए की वो प्रार्थी से सत्यापित पत्र लेकर शिकायत का समाधान करें। इस तरह एक मामले में प्राथी द्वारा बिजली के खंभे को हटवाने की मांग की गई। जिसमें मंत्री ने प्रार्थी को समझाते हुए ये बताया कि खंभा आपकी सुरक्षा के लिए लगाया गया। जिसके बाद प्रार्थी ने मंत्री से मुआवजे की भी मांग कर डाली। जिस पर मंत्री ने कहा मुआवजे से अधिक जीवन का महत्व है। इस मौके पर सोनीपत विधायक निखिल मदान, गन्नौर विधायक देवेन्द्र कादियान, पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन, उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार, नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, सभी एसडीएम मौजूद रहे।



**सोनीपत।** कष्ट निवारण समिति की बैठक लेते हुए मंत्री साथ में विधायक एवं

### कब्जों की शिकायतों पर सुनवाई

ओमप्रकाश पुत्र मुख्यतार सिंह की शिकायत गली में अवैध कब्जा को हटवाने से संबंधित मामले में मंत्री ने संज्ञान लेते हुए डीडीपीओ को समाधान करने के निर्देश दिए। राजदुलारी पत्नी स्वर्गीय जसवंत की शिकायत जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने की कोशिश करने के मामले में मंत्री ने संज्ञान लेते हुए, एक जांच कमेटी का गठन किया जिसमें सोनीपत के एसडीएम एवं एसीपी संयुक्त रूप से जांच करने के बाद अपनी रिर्पोट देगे। बिमला पत्नी त्रिलोकी गोपाल की गली पर कब्जा करने की शिकायत पर मंत्री ने नगर निगम सोनीपत के अधिकारियों को आदेश दिए की कब्जा अगर तीन साल पहले हुआ है। तो उसे तुरंत हटवाया जाए।

### भाजपा नेता के साथ धोखाधड़ी की जांच

कष्ट निवारण समिति में भाजपा नेता पूर्व चेयरमैन डॉ. राज सिंह सांगवान ने अपने साथ धोखाधड़ी की शिकायत भी रखी। जिसमें मंत्री ने पुलिस आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि इस मामले को डीसीपी पूर्व के आधीन आर्थिक अपराधा शाखा से जांच करवाई जाए और न्याय संगत कार्रवाई की जाए। इस मामले में डॉ. राज सिंह सांगवान ने बताया कि वो 5 सालों से न्याय के लिये भटक रहे हैं। अगर यह मामला आर्थिक अपराधा से जुड़ा हुआ था तो 5 सालों से क्यों जांच नहीं करवाई।




# ‘रेट्रो’ का हिंदी में ट्रेलर जारी उत्तर के दर्शकों को रिझाएंगे

**मुंबई।** साउथ के सुपर स्टार सूर्या की फिल्म ‘रेट्रो’ का ट्रेलर तीन दिन पहले जारी किया जा चुका है। अब इस फिल्म का ट्रेलर हिंदी में जारी किया गया है। इसका मतलब यह है कि फिल्म हिंदी में भी रिलीज होगी। ऐसें में उत्तर भारत के दर्शक भी फिल्म का आनंद उठा सकेंगे। ‘रेट्रो’ एक मई को रिलीज होने वाली है। ‘रेट्रो’ के ट्रेलर में सूर्या जबरदस्त एक्शन में हैं। वह दुश्मनों के छक्के छुड़ा रहे हैं। सूर्या कभी लाठी तो कभी चाकू चलाते हैं। वह खास अंदाज में घुमाकर मुक्का मारते हैं जो उनके फैंस को खूब पसंद आने वाला है। ट्रेलर में पूजा हेगड़े को भी दिखाया गया है। वह पूजा हेगड़े के साथ इमोशनल होते हैं।



## लाइफ Style

# अनन्या

## भाई अहान के बॉलीवुड डेब्यू पर जताई खुशी

अभिनेता चंकी पांडे के परिवार से अब एक और सितारा बॉलीवुड में एंट्री करने जा रहा है। अनन्या पांडे के चचेरे भाई अहान पांडे अपने डेब्यू के लिए तैयार हैं। आज उनकी पहली फिल्म की घोषणा हो गई है। इस पर अनन्या ने भाई के लिए चीयर किया है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यशराज फिल्म्स ने आज एक नई फिल्म की घोषणा कर दी है। फिल्म का नाम ‘सैयारा’ है। इस फिल्म में अहान पांडे मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। अहान पांडे बॉलीवुड में एंट्री करने वाला नया चेहरा है। साथ ही वो एक फिल्मी घराने से भी ताल्लुक रखते हैं। अहान पांडे अनन्या पांडे के चचेरे भाई हैं। अब अपने भाई की बॉलीवुड में एंट्री से बहन अनन्या पांडे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने अपने भाई के लिए चीयर किया है और बॉलीवुड में उनका स्वागत किया है। अनन्या पांडे ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अपने चचेरे भाई की डेब्यू फिल्म के बारे में यशराज फिल्म्स द्वारा की गई आधिकारिक घोषणा वाली पोस्ट को साझा किया। उसी के बारे में खुशी जताते हुए अनन्या ने लिखा, “फिल्मों में तुम्हारा स्वागत है मेरे भाई। इसके साथ ही अनन्या ने अपनी स्टोरी में एक लाल दिल, हाथ जोड़कर और नजर ताबीज जैसे इमोजी का इस्तेमाल किया है। अपनी स्टोरी में अनन्या ने अपने भाई अहान पांडे को टैग भी किया है। अनन्या के अलावा अहान की बहन और मां ने भी उनके फिल्मी डेब्यू पर खुशी जताई है। यशराज फिल्म्स ने आज ही अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक पोस्ट शेयर कर अहान पांडे की डेब्यू फिल्म की घोषणा की है।

## हॉलीवुड मसाला



# व्हूपी ने बताया पोप को करीबी

**लॉस एंजिल्स।** कैथोलिक ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के निधन के बाद उनके चाहने वाले शोक में हैं और उनको अपनी-अपनी तरह से याद कर रहे हैं। आम लोगों से लेकर तमाम सेलिब्रिटीज तक पोप फ्रांसिस को श्रद्धांजलि दे रहे हैं। इसी क्रम में सिने जगत के भी तमाम सितारों ने पोप को याद किया है और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है। इसमें लियोनार्डो डिकैप्रियो से लेकर रसेल क्रो और सिल्वेस्टर स्टेलोन समेत कई नाम शामिल हैं। कॉमेडियन व्हूपी गोल्डबर्ग ने पोप फ्रांसिस को याद करते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक भावुक नोट लिखा है।



# एम्बर को बचपन से रहा अभिनय का शौक...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की चमक-दमक में अपनी जगह बनाने वाली एम्बर हर्ड एक ऐसी अभिनेत्री हैं, जिन्होंने अपने अभिनय और निजी जीवन दोनों से सुर्खियां बटोरी हैं। उनकी जिंदगी की कहानी एक साधारण शुरुआत से लेकर वैश्विक मंच तक की यात्रा है, जिसमें प्रेम, शादी और तलाक जैसे उतार-चढ़ाव भी शामिल हैं। एम्बर लॉरा हर्ड का जन्म 22 अप्रैल 1986 को अमेरिका के टेक्सास राज्य के ऑस्टिन शहर में हुआ था। उनके पिता डेविड क्लिंटन हर्ड एक ठेकेदार थे, जबकि मां पेट्रीसिया पेज हर्ड इंटरनेट रिसर्चर के तौर पर काम करती थीं। एम्बर की दो बहनें हैं। उनका बचपन टेक्सास के खुले-खुले माहौल में बीता। बचपन से ही वह स्वतंत्र विचारों वाली थीं। बहुत कम उम्र में ही अभिनय के प्रति उनका रुझान नजर आने लगा था।




# करण लेकर आ रहे नागों वाली पिक्चर

**मुंबई।** निर्माता-निर्देशक करण जौहर अब धर्मा प्रोडक्शन की अबतक की फिल्मों से अलग हटकर एक नई तरह की फिल्म लेकर आ रहे हैं। इच्छाधारी नाग की कहानी पर आधारित उनकी नई फिल्म है ‘नागजिला’। करण ने मंगलवार को इस फिल्म का मोशन पोस्टर जारी करते हुए फिल्म की घोषणा कर दी है और इसकी रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन इच्छाधारी नाग की भूमिका में दिखाई देंगे। करण ने जो पोस्टर जारी किया है उसमें नीली जींस पहने शर्टलेस कार्तिक आर्यन दूसरी तरफ मुंह करके खड़े हैं। वो सांपों से भरे घर से शहर को देखते हुए नजर आ रहे हैं। उनके आस-पास सिर्फ सांप ही सांप हैं और उनके ऊपर भी सांप लिपट रहे हैं। इस वीडियो पोस्टर में कार्तिक आर्यन की आवाज में वॉइस ओवर है।



# ‘डॉन-3’ में चाहिए अनुभवी अभिनेत्री

**मुंबई।** फरहान अख्तर के निर्देशन में बनने वाली फिल्म ‘डॉन 3’ अपनी घोषणा के बाद से ही लगातार चर्चाओं में बनी हुई है। इस बार डॉन की प्रमुख भूमिका में शाहरुख खान की जगह रणवीर सिंह को कास्ट किया गया है। फिल्म की फीमेल लीड को लेकर अब तक कुछ तय नहीं हो पा रहा है। घोषणा के समय कियारा आडवाणी फिल्म की हीरोइन घोषित हुई थीं। हालांकि, प्रेग्नेंसी के चलते उनके फिल्म से हटने के बाद अब तक किसी नई एक्ट्रेस के नाम पर मोहर नहीं लग पाई है। ताजा रिपोर्ट के मुताबकि, फरहान अख्तर और उनकी टीम अपनी फिल्म के लिए एक अनुभवी अभिनेत्री को कास्ट करना चाहती है। जिसकी स्क्रीन पर मौजूदगी अच्छी हो और किरदार की गंभीरता को समझ सके। इसीलिए शायद शरवरी की जगह अब कृति सेनन को अप्रोच किया जा रहा है।

## टीवी मसाला

# लाल साड़ी में दिखीं निया

## कहा- आप लोग ही तलाश दो दूल्हा

**नई दिल्ली।** इन दिनों टीवी एक्ट्रेस निया शर्मा शो ‘लाफ्टर शेफ’ में नजर आ रही हैं। हाल ही में शो का एक स्पेशल एपिसोड में शूट हुआ, जिसमें



निया लाल साड़ी पहने नजर आईं। शो से पहले निया की मुलाकात पैपराजी से भी हुई। निया को लाल साड़ी में देख पैपराजी ने पूछ लिया, ‘शादी कब कर रही हैं?’ वह पहले मुस्कुराईं, इसके बाद बोलीं, ‘आप लोग ही तलाश दो दूल्हा?।’ इस पर पैपराजी ने कहा कि वो तो यहीं पर है? दरअसल, पैपराजी में से कुछ लोग अपनी बात कर रहे थे। इस पर निया शर्मा ने हंसकर बात को टाल दिया।’ शो ‘लाफ्टर शेफ’में निया शर्मा अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं। इस शो में प्रतियोगियों को कोई स्पेशल डिश, रेसिपी बनाती होती हैं, साथ ही शो में खूब कॉमेडी भी होती है। निया को कुकिंग तो नहीं आती लेकिन वह अपनी बेबाकी से दर्शकों का दिल जरूर जीत रही हैं। इस शो को भारती सिंह होस्ट करती हैं। निया शर्मा के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो वह ‘नागिन’ सीरीज का हिस्सा रह चुकी हैं। ‘एक हजारों में मेरी बहना है’ जैसा पॉपुलर टीवी शो कर चुकी हैं। कई रियालिटी शो का भी निया शर्मा हिस्सा रही हैं। वह ‘खतरों के खिलाड़ी’ जैसे शो में भी नजर आ चुकी हैं।

# अभिनव ने असीम के आक्रामक व्यवहार पर साधा निशाना...

**नई दिल्ली।** अभिनव शुक्ला और असीम रियाज के बीच का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। असीम ने सोशल मीडिया पर अभिनव पर सहानुभूति मांगने का आरोप लगाया था, जिसके जवाब में अभिनव ने सोशल मीडिया पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। अभिनव ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक लंबा नोट लिखा, जिसमें उन्होंने असीम के आक्रामक व्यवहार और रियलिटी शो में उनके रवैये पर निशाना साधा। उन्होंने लिखा, ‘वह



मुझे अच्छी तरह जानता है, लेकिन उसने गलती की। मैं चुप रहता हूं और खड़ा रहता हूं। कोई रियलिटी शो मुझे आक्रामक या अपमानजनक नहीं बना सकता। किरदार कंटेंट से ज्यादा मायने रखता हैं। अगर धक्का-मुक्की और सेट का सामान तोड़ना ही उपलब्धि है, तो मैं प्रभावित नहीं हूं। एमएमए ट्राई करो, देश के लिए खेलो। शांत रहो!’ अभिनव ने रविवार को बताया कि उन्हें सोशल मीडिया पर एक यूजर से जान से मारने की धमकी मिली, जिसने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का सदस्य बताया।

# 50 के दशक में पिता ने अभिनय के लिए किया प्रेरित, आज पोती भी करती है फिल्मों में एक्टिंग

*नई दिल्ली। 50 के दशक में अभिनेत्री उषा किरण ने अभिनय का सफर शुरू किया। लगभग 50 से अधिक हिंदी और मराठी फिल्मों में एक्टिंग की। चार दशक तक वह सिनेमा की दुनिया में सक्रिय रहीं। मंगलवार को अभिनेत्री उषा किरण का जन्मदिन ( 22 अप्रैल 1929) था। इस मौके पर जानिए, उषा किरण के फिल्म कॅरियर, निजी जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें। उषा किरण का जन्म एक मराठी परिवार हुआ। पिता बालकृष्ण मराठे हमेशा से उषा के लिए एक मार्गदर्शक की भूमिका में रहे। उषा पांच बहनों में दूसरे नंबर पर आती थीं। उषा ने थिएटर से अपने अभिनय करियर की शुरुआत की, इस काम के लिए पिता से उन्हें बहुत प्रोत्साहन मिला। जानिए, कैसे शुरू हुआ उषा किरण का फिल्मी दुनिया में आने का सफर? किन फिल्मों और अभिनेता के साथ अभिनय किया? साथ ही आज उषा किरण के परिवार के कौन से सदस्य एक्टिंग की दुनिया में सक्रिय हैं, विस्तार से जानिए।*

### इस तरह शुरू हुआ फिल्मों का सफर

उषा किरण के पिता चाहते थे कि बेटी फिल्मों में काम करे। अभिनेत्री के पिता ने एक फिल्म भी बनाई, जिसमें बेटी को अभिनय का मौका दिया। फिल्म फ्लॉप रही लेकिन उषा को एक्टिंग की दुनिया में कदम रखने का मौका मिल गया। उषा ने अपने सरनेम मराठे की जगह किरण शब्द का इस्तेमाल किया। इस तरह वह उषा किरण बनकर हिंदी फिल्मों में पहुंचीं। अभिनेत्री ने इसके बाद लगभग 50 से ज्यादा हिंदी और मराठी फिल्में कीं। ‘कल्पना’ बॉलीवुड में उनकी पहली फिल्म थी।

### नामी कलाकारों संग किया अभिनय

उषा किरण ने अधिक फिल्में अपने करियर में भले ही ना की हों लेकिन उन्हें नामी अभिनेताओं के साथ अभिनय करने का मौका मिला। उषा ने दिलीप कुमार, देव आनंद, किशोर कुमार, राज कपूर, अशोक कुमार, राजेंद्र कुमार, राजेश खन्ना, धर्मेंद्र और अमिताभ बच्चन जैसे अभिनेताओं के साथ बड़े पर्दे पर अभिनय किया था। वह नजराना, दाग, बंधन, काबुलीवाला, पतिता, मिली, बावर्ची और चुपके-चुपके जैसी चर्चित फिल्मों का भी हिस्सा बनीं।



### परिवार ने बढ़ाया अभिनय की विरासत को आगे

उषा किरण का खुद किसी फिल्मी परिवार से वास्ता ना रहा हो लेकिन आगे चलकर उनके परिवार के कई सदस्य फिल्मों से जुड़े। उषा ने डॉ. मनोहर खेर से शादी की, इनके दो बच्चे हुए अद्वैत्य और तन्वी। बेटे ने मॉडलिंग को अपना करियर बना लिया। अद्वैत्य ने उत्तरा से शादी की, इनकी दो बेटियां हुईं संस्कृति खेर, सैयामी खेर। सैयामी इन दिनों बॉलीवुड फिल्मों में अभिनय कर रही हैं, अपनी दादी की विरासत को आगे बढ़ी रही हैं। वहीं उषा किरण की बेटी तन्वी ने कोरियोग्राफर बाबा आजमी से शादी की, वह अब तन्वी आजमी के नाम से जानी जाती हैं और फिल्मों में, टीवी में एक्टिंग करती हैं। तन्वी के पति बाबा आजमी, शबाना आजमी के भाई लगते हैं। इस तरह से उषा किरण और शबाना आजमी भी रिश्तेदार हो जाते हैं।

# ‘आमा-बुबू’ की अमेरिका में धूम बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन...

**मुंबई।** ‘न्यूयॉर्क इंडियन फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स’ के 25वें संस्करण को लेकर एक दिलचस्प खबर सामने आई है। इस फेस्टिवल में उत्तराखंड के 80 साल के पदम सिंह कापड़ी और 70 साल की हीरा देवी को फिल्म ‘पायर’ में अभिनय के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता और सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के लिए नामांकित किया गया है। हैरत की बात यह है कि इन दोनों ने इससे पहले किसी भी फिल्म में अभिनय नहीं किया। इस फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता विनोद कापड़ी ने किया है। ‘पायर’ फिल्म के लिए विनोद कापड़ी ने पदम सिंह को लिया था। वह भारतीय सेना के रिटायर सिपाही हैं। इसके अलावा हीरा देवी को लिया था जो कि एक किसान हैं। दोनों में से किसी ने भी पहले कभी अभिनय नहीं किया था। दोनों का ताल्लुक उत्तराखंड के जिला पिथौरागढ़ की तहसील बेरीनाग से है।



पदम सिंह इन दिनों कैंसर की बीमारी से जूझ रहे हैं। सिनेमा में और भारत के इतिहास में यह पहली बार हुआ है कि 80 साल का आदमी जिसने कभी अभिनय नहीं किया वह इस अवॉर्ड के लिए नामांकित हुआ है। फिल्म ‘पायर’ को दुनिय भर में सराहा जा रहा है। फिल्म का विश्व प्रीमियर ‘28वें टैलिन ब्लैक नाइट्स फिल्म फेस्टिवल’ में हुआ था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ फिल्म दर्शक का पुरस्कार दिया गया था। फिल्म को ‘16वें बेंगलुरू अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव’ में जूरी पुरस्कार मिला है। हाल ही में 24वें इमेजिन इंडिया अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ फिल्म और सर्वश्रेष्ठ निर्देशक सहित छह नामांकन मिले।

## ‘ग्राउंड जीरो’ में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की दिखाई जाएगी कहानी

# आतंकवाद से लेकर रोमांस तक, इन फिल्मों में दिखा कश्मीर का अलग-अलग रंग

*नई दिल्ली। बॉलीवुड की फिल्मों के लिए कश्मीर हमेशा एक मजबूत विषय व आधार रहा है। कई फिल्मों में कश्मीर के अलग-अलग रंग दिखाए गए हैं। कभी वहां फैले आतंकवाद को दिखाया गया है, तो कभी कश्मीर में हीरो-हिरोइन ने रोमांस फरमाया है। इमरान हाशमी की आगामी फिल्म ‘ग्राउंड जीरो’ का हाल ही में ट्रेलर जारी किया गया। कश्मीर की पृष्ठभूमि पर आधारित इस फिल्म में आतंकवाद और बीएसएफ के ऑपरेशन की कहानी दिखाई जाएगी। एक्सल एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ये फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के जरिए एक बार फिर कश्मीर को दिखाया जाएगा। फिल्म सच्ची घटनाओं पर आधारित है। ‘ग्राउंड जीरो’से पहले भी बॉलीवुड की कई फिल्मों में कश्मीर को दिखाया गया है और फिल्मों की कहानी कश्मीर पर केंद्रित रही है। जानते हैं कुछ ऐसी ही फिल्मों के बारे में।*

**द कश्मीर फाइल्स :** 2022 में आई विवेक अग्निहोत्री की ‘द कश्मीर फाइल्स’ 1990 में कश्मीर घाटी से कश्मीरी पंडितों के पलायन की वास्तविक घटनाओं पर आधारित है। इस फिल्म में कश्मीरी पंडितों के पलायन और उस दौर में उनके ऊपर हुए अत्याचार की कहानी को दिखाया गया है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुई थी।



**आर्टिकल 370 :** यामी गौतम की फिल्म ‘आर्टिकल 370’ जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 के हटाए जाने के बारे में है। इस फिल्म में सरकार ने कैसे इतना बड़ा फैसला लिया और कैसे इसकी प्लानिंग की, इसकी कहानी को दिखाया गया है।




**मिशन कश्मीर :** ऋतिक रोशन, संजय दत्त और जैकी श्रॉफ स्टारर ‘मिशन कश्मीर’ उस वक्त कश्मीर में फैले आतंकवाद की कहानी को दर्शाती है। फिल्म में अल्ताफ नाम के लड़के की कहानी दिखाई गई है। जिसे एक पुलिस प्रमुख उसके परिवार के मार दिए जाने के बाद गोद ले लेता है। फिल्म में ऋतिक रोशन ने एक आतंकवादी की भूमिका निभाई है। इस फिल्म का निर्देशन विधु विनोद चोपड़ा ने किया है।



**शिकारा :** 2020 में आई विधु विनोद चोपड़ा की फिल्म ‘शिकारा’ भी कश्मीरी पंडितों के पलायन पर आधारित है। फिल्म में एक युवा जोड़े की कहानी को दिखाया गया है, जिनकी नई-नई शादी हुई है। वो कश्मीर में सांप्रदायिक माहौल बिगड़ने के बाद कैसे वहां से पलायन करते हैं और फिर खुद के सेटल होने में संघर्ष करते हैं।



**फितूर :** आदित्य रॉय कपूर, कटरीना कैफ और तब्बू की फिल्म ‘फितूर’ की कहानी कश्मीर पर ही आधारित है। इस फिल्म में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म के कुछ-कुछ दृष्यों में बर्फ से लदी कश्मीर की घाटियां आपका मन मोह लेंगी। फिल्म में कश्मीर के लड़के-लड़की की लव स्टोरी दिखाई गई है।



**कश्मीर की कली :** शम्मी कपूर-शर्मिला टैगोर की फिल्म ‘कश्मीर की कली’ में कश्मीर की खूबसूरती को बखूबी दिखाया गया है। फिल्म में दिखाया गया है कि एक लड़का शादी से बचने के लिए कश्मीर भाग जाता है, जहां उसकी मुलाकात एक कश्मीरी लड़की से होती है। धीरे-धीरे उसे उससे प्यार हो जाता है। इसके बाद क्या कुछ होता है, ये फिल्म में दिखाया गया है। फिल्म के गाने और कहानी काफी पसंद की गई थी।



## खबर संक्षेप

### मांगी छोटे विज्ञापन बोर्ड लगाने की इजाजत

**सोनीपत।** शहर के फ्लेक्स प्रिंटिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम मेयर राजीव जैन तथा आयुक्त नगर निगम हर्षित कुमार से भेंट कर आग्रह किया कि विज्ञापन साइट बढ़ाई जाएं तथा छोटे-छोटे विज्ञापन बोर्ड लगाने की इजाजत दी जाये ताकि सरकार का विज्ञापन राजस्व भी बढे और कारोबार सुचारु ढंग से चल सके। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे कमल हसीजा ने कहा कि हमें छोटे-छोटे बोर्ड बिजली के पोल पर लगाने की इजाजत दी जाये जिसके लिए हम फीस भरने को तैयार हैं। इसके अतिरिक्त प्राइवेट प्रॉपर्टी पर विज्ञापन लगाने की इजाजत देने की प्रक्रिया सरल करने की मांग की।

### पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजिज पर एक्सटेंशन लेक्चर

**सोनीपत।** जीवीएम गर्ल्स कालेज में महिला प्रकोष्ठ के तत्वावधान में पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजिज (पीसीओडी) पर आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में मुख्य वक्ता के रूप में स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. अनुपमा सेठी ने पीसीओडी को लेकर विस्तृत रूप में महत्वपूर्ण जानकारी दी। टूलिप अस्पताल के विशेष सहयोग से आयोजित एक्सटेंशन लैक्चर का शुभारंभ मुख्य वक्ता डा. अनुपमा सेठी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने दीप प्रज्वलित करते हुए किया। इस अवसर पर महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डा. सोनिया मित्तल ने आमंत्रित वक्ता का परिचय करवाते हुए उनका अभिनंदन किया।

### सरकार ने जवाब नहीं दिया तो करेंगे विरोध

**सोनीपत।** कश्मीर में हुआ आतंकवादी हमला न केवल देश की आत्मा पर वार है, बल्कि यह हमारी सहनशीलता की परीक्षा भी है। इस बर्बर हमले की कड़ी निंदा करते शिवसेना हरियाणा के अध्यक्ष नीरज सेठी ने केंद्र सरकार को खुली चेतावनी दी है। नीरज सेठी ने कहा कि ये कायराना हमला देश की एकता को चुनौती देने वाला है। शिवसेना हरियाणा इसकी कड़ी निंदा करती है और सरकार को साफ-साफ कहती है, अगर आपने इस हमले का मुंहतोड़ जवाब नहीं दिया, तो हम दिल्ली की सड़कों तक ही सीमित नहीं रहेंगे। हम कश्मीर की सरहद तक जाकर विरोध करेंगे।

### निबंध प्रतियोगिता में दीक्षा ने मारी बाजी

**खरखौदा।** कन्या महाविद्यालय में ईएलओ क्लब और नेचर इंटरप्रिटेशन सेंटर ने पृथ्वी दिवस पर ग्रीन एनर्जी के फायदे व नुकसान विषय पर निबंध प्रतियोगिता करवाई। जिसमें 16 छात्राओं ने भाग लिया। बीए प्रथम वर्ष की दीक्षा ने पहला स्थान पाया। बीसीए द्वितीय वर्ष की तनु दहिया दूसरे स्थान पर रहीं। बीकॉम द्वितीय वर्ष की हर्षिता को तीसरा स्थान मिला। बीए प्रथम वर्ष की स्वीटी तोमर और खुशी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता छात्राओं को इनाम के रूप में एक-एक पौधा भेंट किया गया। कार्यकारी प्राचार्या डॉ प्रमिला ने छात्राओं को बधाई दी।

## जिले भर में विश्व पृथ्वी दिवस की धूम, स्कूल कॉलेजों में किया आयोजन, विद्यार्थियों ने दी प्रस्तुति

# विद्यार्थियों ने पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया

### विद्यार्थियों को पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

साउथ पॉइंट स्कूल में विद्यार्थियों के लिए स्लोगन राइटिंग, पोस्टर मेकिंग, नुक्कड़ नाटक, प्लांटेशन सहित अन्य गतिविधियां आयोजित की गई, जिनमें विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक व अन्य गतिविधियों के माध्यम से धरा को हरा-भरा बनाने व पर्यावरण को स्वच्छ रखने का संदेश दिया। साउथ पॉइंट ग्रुप के चेयरमैन दिलबाग सिंह खत्री ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिए विद्यार्थियों को पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी भावना कालरा व कार्यकारी निदेशक डॉ. ममता सचदेवा ने विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुति की सराहना की और साथ मिलकर ट्री प्लांटेशन भी किया। आर्य कन्या स्कूल द्वारा निकाली गई जागरूकता रैलीः आर्य कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोनीपत में छात्राओं द्वारा बड़ा बाजार व ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी से होते हुए एक जागरूकता रैली निकाली गई। जिसके तहत लोगों से प्लास्टिक का प्रयोग न करने पेड़ लगाने व पृथ्वी को बचाने की अपील की। रैली के दौरान मनीष के सहयोग से रास्ते में आने वाले लोगों को पौधे वितरित किए गए। विद्यालय की प्राचार्य सुनीता अहलावत ने छात्राओं को संबोधित किया। प्रधान अजय गर्ग, सचिव सुरेश गुप्ता, मीडिया प्रभारी संजय सिगंला, देवेंद्र कुच्छल, मनोज गर्ग आदि ने भी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया।



**सोनीपत।** साउथ पॉइंट स्कूल में पौधारोपण करते नन्हे विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** जागरूकता रैली में शामिल छात्राएं। *फोटो :हरिभूमि*



**सोनीपत।** राजकीय महिला कालेज में पौधरोपण करते पूर्व कुलपति साथ में अन्य।

### राजकीय महिला कालेज में पृथ्वी दिवस मनाया गया

**सोनीपत।** सेक्टर 12 स्थित राजकीय महिला महाविद्यालय में कार्यक्रम में पूर्व कुलपति राजेंद्र सिंह अनायत ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने बताया कि हमारे वेद शास्त्रों में पेड़-पौधों को लेकर जल को लेकर, पर्यावरण के महत्व, जंगल और भूमि के महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की गई है। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. नरेश आंतिल ने की। कार्यक्रम के प्रभारी डॉ. सुभाष सिसोदिया ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया। इस मौके पर डॉ. राजेश भारद्वाज, डॉ. राजेश ढाका, आदि मौजूद रहे।

### पेड़ एवं जल बचाना जरूरी : गौरव



**सोनीपत।** युवा साइकिलस्ट गौरव ने आज विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर अपने गांव झरोठी के पार्क में अपने युवा साथियो के साथ पौधरोपण किया। इस दौरान गौरव ने कहा कि पृथ्वी के संतुलन के लिए पौधरोपण एवं जल संचय बहुत ही जरूरी है। युवा गौरव ने अपने साथियों से अपील करते हुए कहा की सभी ने अपने जीवन में पौधरोपण एवं जल संचय करें। इस मोके पर उनके साथ वीर, दीपाशु, अंश, वंश आदि मौजूद रहे।



ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में कार्यक्रम में प्रतिभगी विद्यार्थी साथ में स्कूल स्टाफ।

### ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में मनाया विश्व पृथ्वी दिवस

**सोनीपत।** ऋषिकुल वर्ल्ड अकादमी में प्रबंधक नीरज शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि पृथ्वी दिवस अब 190 से अधिक देशों में मनाया जाता है, जिससे यह विश्व के सबसे बड़े धर्मनिरपेक्ष उत्सवों में से एक बन गया है। इस अवसर पर छात्रों ने विभिन्न क्रियात्मक गतिविधियों के साथ-साथ रोल प्ले भाषण कविता आदि के माध्यम से अपने विचारों को प्रस्तुत करते हुए इस पृथ्वी दिवस पर, हमें अपने जीवन में स्थिरता और संतुलन के माध्यम से पृथ्वी के प्रति अपनी प्रेम और जिम्मेदारी को और भी मजबूत करने का संकल्प लिया।



**सोनीपत।** टीकाराम कन्या कालेज में पौधरोपण प्राचार्या साथ में कॉलेज स्टाफ।

### भूगोल और इको क्लब ने किया पौधरोपण

**सोनीपत।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में विश्व पृथ्वी दिवस के उपलक्ष्य में भूगोल विभाग व इको क्लब दवारा पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर प्राचार्या गीता ने छात्राओं को पर्यावरण का महत्व बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया। इस अवसर पर भूगोल विभाग की प्राध्यापिकाएं दीपशिखा, संगीता, स्वाति, अनीता राठी उपस्थित रहे।

### पृथ्वी संरक्षण का दिया संदेश

**गोहाना।** मदीना गांव स्थित डीबीएम पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी पर दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा भाषण, कविताएं और गीतों की प्रस्तुति से पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। पृथ्वी संरक्षण के लिए विद्यार्थियों ने पौधारोपण भी किया। मुख्य वक्ता स्कूल के एमडी विकास मलिक ने कहा कि पृथ्वी संरक्षण के लिए पौधारोपण आवश्यक है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के साथ विद्यालय परिसर में विभिन्न किस्मों के पौधे लगाए। कार्यक्रम में लक्ष, याशी, वंश, प्रिंस, विधि, देव, यश, आशी, अभिनव और अलीशा ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में प्राचार्या पूजा राणा, सुदेश मलिक, गीता राठौर, अंजू नरवाल, राजेंद्र जमदग्नि, नविन श्योराण और पूनम आदि शिक्षकण मौजूद रहे।



**गोहाना।** शिक्षकों के साथ पौधारोपण करते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि



हैप्पी चाइल्ड स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी विद्यार्थी।

### विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया

**सोनीपत।** हैप्पी चाइल्ड विद्यालय में पृथ्वी मां है इसका करो सम्मान थीम को लेकर विभिन्न प्रकार के आयोजन किए गए। इनमें मुख्य रूप से विद्यार्थियों ने पौधारोपण किया और वृक्ष लगाकर व उन्हें काटने से बचाकर पृथ्वी को हरा भरा रखने का संदेश दिया। कुछ कक्षाओं के विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग में तो कुछ ने कविताओं व नाटक के जरिये प्रतिभा दिखाई। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष नरेंद्र बाल्यान, प्रधानाचार्या सुदेश बाल्यान, निदेशक तमन्ना निझावन मौजूद रहे।

### ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) के विद्यार्थियों ने मंगलवार को उत्साहपूर्वक विश्व पृथ्वी दिवस मनाया। छात्र-छात्राओं ने इस अवसर पर पोस्टर बनाकर, स्लोगन लिखकर, कविता पाठ व पौधरोपण कर पर्यावरण के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। स्कूल परिसर में विद्यार्थियों ने अपने शिक्षकों के साथ पौधरोपण किया। पृथ्वी दिवस कार्यक्रम में सभी ने भगवान से धरती व पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में पहुंचे स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन व प्राचार्या गीता चोपड़ा ने छात्र-छात्राओं को पृथ्वी दिवस व पर्यावरण संरक्षण के महत्व से अवगत करवाया।



पर्यावरण की सुरक्षा को लेकर जागरूकता का संदेश देते नौनिहाल ।



ब्राइट स्कॉलर में कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ प्राचार्या एवं अन्य।

### ब्राइट स्कॉलर स्कूल में मनाया पृथ्वी दिवस

**सोनीपत।** ब्राइट स्कॉलर स्कूल में अनेक प्रकार की गतिविधियां आयोजित की गई। कार्टून मेकिंग प्रतियोगिता, रंगोली मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता आदि अनेक गतिविधियों के माध्यम से यह बताने की कोशिश की गई कि हमें पर्यावरण की रक्षा करनी होगी। हर गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझने में मदद करना और उन्हें एक स्वच्छ और हरित ग्रह की ओर छोटे कदम उठाने के लिए प्रेरित करना था। पूरे विद्यालय में लगे हुए पौधों पर स्कैन कोड लगाए गए जिससे मोबाइल फ़ोन से स्कैन करते ही उस पेड़ की पूरी जानकारी मोबाइल पर उपलब्ध होगी। प्राचार्या किरण दलाल ने सभी बच्चों के प्रयासों को सराहा।

### प्रकृति के संतुलन पर टिका सभी का जीवन

हरिभूमि न्यूज गोहाना

भगत फूल सिंह महिला विवि में विश्व पृथ्वी दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। अध्यक्षता विधि विभाग प्रभारी डॉ. सीमा दहिया ने की। उन्होंने कहा कि हम सब का जीवन प्रकृति के संतुलन पर टिका हुआ है। प्रकृति का संतुलन बना रहे इसके लिए हमें पृथ्वी संरक्षण की दिशा में अपनी सक्रिय भूमिका अदा करनी होगी। महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में भी विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य सुमिता सिंह ने की।

### हमारी संस्कृति महानः कुलपति

**सोनीपत।** कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह ने कहा कि हमारी संस्कृति महान है। ऋग्वैदिक काल से ही भारतीय पृथ्वी को माता व आकाश को पिता माना गया है। कुलपति प्रो. सिंह ने पृथ्वी दिवस पर विवि के प्रांगण में पौधारोपण किया। कहा कि हम जल व पर्यावरण का संरक्षण करके ही पृथ्वी पर बढ़ते तापमान को रोका जा सकता है। इसके लिए हम सबको मिलकर प्रयास करना होगा।



**सोनीपत।** पौधरोपण करते कुलपति साथ में विद्यार्थी। *फोटो :हरिभूमि*

### पृथ्वी की अच्छी सेहत के लिए पौधरोपपण जरूरी

**गोहाना।** महम मार्ग पर गुढ़ा चुंगी के समीप स्थित जेकेआर पब्लिक स्कूल में मंगलवार को पृथ्वी दिवस मनाया । समारोह में विषय से संबंधित भाषण और कविता प्रतियोगिताएं करवाई गई। मुख्य वक्ता स्कूल के एमडी उत्तम राठी ने कहा कि पृथ्वी पर हर जीव का जीवन कुशल हो इसके लिए सर्वप्रथम पृथ्वी की सेहत को दुरुस्त रखना जरूरी है। पृथ्वी की अच्छी सेहत के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पुराने पौधों को संरक्षित करें। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे पृथ्वी का आभूषण हैं। इन्हीं से पृथ्वी की सुंदरता है। इस दिन हम सभी को पृथ्वी के प्रति जिम्मेदारी को समझने और उसे बचाने के लिए काम करने का संकल्प लेना चाहिए। वे बोले कि हमें अपने दैनिक जीवन में पर्यावरण अनुकूल आदतों को अपनाना चाहिए।




**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ में कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी बच्चे।

### ऋषिकुल विद्यापीठ में मनाया धरती दिवस

**सोनीपत।** ऋषिकुल विद्यापीठ के प्राइमरी विभाग में धरती दिवस मनाया गया। प्राइमरी विंग की इंचार्ज सुरभि धामा ने बच्चों की इस गतिविधि की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के चेयरमैन एसके शर्मा ने सभी बच्चों को धरती दिवस पर धरती को साफ-सुथरा रखने की प्रेरणा दी और विद्यालय के निदेशक धीरज शर्मा ने बच्चों को पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। प्राइमरी विंग की इंचार्ज सुरभि धामा ने सभी का धन्यवाद किया।

### पेंटिंग और स्लोगन से पृथ्वी बचाने का संदेश

गोहाना। स्थानीय गीता विद्या मंदिर में मंगलवार को विश्व पृथ्वी दिवस पर पोस्टर, स्लोगन एवं पेंटिंग बनाओ प्रतियोगिताएं करवाई गई। प्रतियोगिताओं से विद्यार्थियों ने पृथ्वी संरक्षण का संदेश दिया। अध्यक्षता प्राचार्य अश्विनी कुमार ने की। मानसी व तेजस ने पृथ्वी दिवस का महत्व बताया। उनके अनुसार इस दिन का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण की रक्षा करना और लोगों को महत्व के बारे में जागरूक करना है। संयोजक आचार्या किरण ने कहा कि हमें प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने हेतु संकल्प लेना चाहिए।

**कार्यक्रम** | तीन दिवसीय एनसीसी फेस्ट वॉरियर का आगाज

# छात्र जीवन में एनसीसी में प्रतिभागिता कर देश सेवा की ओर कदम बढ़ाने चाहिए: डा. मंजुला




सोनीपत। कार्यक्रम में प्रस्तुति देते। *फोटो :हरिभूमि*

### विद्यार्थी हर स्पर्धा में बढ़-चढक़र हिस्सा लें: प्रियंका

- कार्यक्रम में एनसीसी की छात्राओं ने दमदार प्रस्तुतियां दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जीवीएम गर्ल्स कालेज में एनसीसी इकाई के तत्वावधान में मंगलवार को एनसीसी फेस्ट वॉरियर-2025 का आगाज हुआ, जिसमें एनसीसी की छात्राओं ने दमदार प्रस्तुतियां दी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र जीवन में एनसीसी में प्रतिभागिता करते हुए देश सेवा की ओर कदम बढ़ाने चाहिए। जीवीएम की एनसीसी इकाई के एनसीसी फेस्ट वॉरियर का शुभारंभ कालेज की प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित करते हुए किया। एनसीसी इकाई की प्रभारी एवं संयोजक प्राध्यापिका ले. प्रियंका ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए फेस्ट के संदर्भ में जरूरी जानकारी दी। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छात्र जीवन में एनसीसी में प्रतिभागिता करते हुए देश सेवा की ओर कदम बढ़ाने चाहिए। उन्होंने तीन दिवसीय फेस्ट की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया कि वे हर प्रकार की स्पर्धाओं में बढ़-चढक़र हिस्सा लें।एनसीसी फेस्ट के पहले दिन रंगोली बनाना, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, नारा लेखन, निबंध लेखन, प्लेकार्ड डिजायन और फेस पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। इनके निर्णायक मंडल में प्राध्यापिकाएं रोजी चोपड़ा, अनीता सैनी और कमलेश चोपड़ा शामिल रही।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सूबेदार किरोड़ीमल, ड्रिल इंस्ट्रक्टर अभय सिंह, हवलदार विकास कुमार आदि मौजूद रहे।



**गोहाना।** दिव्यांग बच्चों का योग का अभ्यास करवाते प्रशिक्षक।

## डीबीएम विशेष स्कूल में दिव्यांगों को सिखाया योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

गोहाना-महम मार्ग पर गांव मदीना स्थित डीबीएम विशेष विद्यालय में मंगलवार को दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए योग प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में दिव्यांग विद्यार्थियों को योग का प्रशिक्षण दिया गया। अध्यक्षता संस्थान के एमडी विकास मलिक ने की। योग शिविर जिला आयुर्वेदिक कार्यालय (सोनीपत) के सहयोग से आयोजित हुआ। यह कार्यक्रम दिव्यांग बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। जिसमें बच्चों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया गया। मार्गदर्शन जिला योग को-ऑर्डिनेटर डॉ. विनोद व योग विशेषज्ञ डॉ. संगीता का रहा। मुख्य अतिथि एसडीसीएच गोहाना से एचएमओ डॉ. नीरज खासा थे। कहा कि दिव्यांग बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में योग काफी सहायक है। शिविर में प्रोमीला व सुमन देवी ने योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया।

**PUBLIC NOTICE**

I hereby informed the general public that Sh. Satish Kumar S/0 Sh. Ram Kumar is absolute owner of HOUSE NO Property ID No. 1JA180R3, Comprised in Khewat No. 146, Khatta no 158, Mustill & kila No. 44/27/2 (0-16), Rakta 16 Marla its 1/8 share i.e. 2 Marla, Situated in Moujja Garhi Brahmanan, inside Abadi jain bag Colony, inside Nagr Ngam, Sonepat, Teshil and District Sonepat, Measuring 2 Marla // 34-4" x 15-6"//59 5q yards Approx Now, he is taking a loan from PNB Housing Finance Umited Having Branch office at SCO 218-219, First Floor, Sector 12, Karnal They have lost the following original documents in respect of said property
Sale deed no 1878/1 dated 25-05-2006 as executed by Smt. Risali W/o Sh. Hawa Singh in respect of the total property in question Measuring 2 Marla //59. 5, yards in favor of Smt. Sheela Devi W/o Sh. Satbir Singh in Original
A Police report has also been got registered in this respect having details Unique no. 132390712500547 in Haryana Police. If anybody found the said lost documents, then may contact to undersigned and anybody having claim of claiming any prior rights or interest in any manner in the property or has raised loan by depositing the aforesaid Documents to any person/ bank corporation financial institution may approach the undersigned and may submit objections within 7 days from the date of this public notice. After the expiry of the period of this notice, no claim shall be entertained and such claim shall be deemed to be fase, fake, frivolous, fraudulent and baseless claim and shall have no value in the eyes of law.

**Adv. Hemant Sharma**
**Chamber No 47**
**Distt Court Karnal. 9896260977**

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों ने पृथ्वी के प्रति अपना प्यार दर्शाया

**गन्नौर।** हैप्पी चाइल्ड इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। पृथ्वी दिवस के अवसर पर विद्यार्थियों ने भाषण के माध्यम से पृथ्वी की सुरक्षा पर अपने विचार प्रस्तुत किए। बच्चों ने कविता और नृत्य के माध्यम से पृथ्वी के प्रति अपना प्यार दर्शाया। स्कूल प्रबंधक सुनील नागपाल व प्राचार्या उषा मलिक ने विद्यार्थियों को पर्यावरण की रक्षा करने करने संकल्प दिलाया ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, हरा-भरा व सुंदर ग्रह छोड़ सकें।



### बच्चों ने पानी और खाद डालकर पौधे लगाए

**गन्नौर।** गायत्री विद्यापीठ के बच्चों ने पृथ्वी दिवस बड़े ही धूमधाम व उत्साह से मनाया। छोटे-छोटे बच्चों ने पौधों में पानी व खाद डाला बच्चों ने अपने आसपास के क्षेत्र में पौधे लगाए। मुख्यध्यापिका शकुंतला कौशिक ने बच्चों को बताया कि ग्लोबल वार्मिंग की वजह से पृथ्वी अलग-अलग भागों में खंडित हुई।

# घर में दोस्तों संग हंसी मजाक कर रहे युवक की गोली मारकर कर दी हत्या

## मृतक योगेंद्र के पिता ने हत्या का आरोप गांव के ही पांच युवकों पर लगाया

- पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को नामजद किया
- युवक को रोहतक के निजी अस्पताल में कराया था भर्ती
- योगेंद्र ने उपचार के दौरान तोड़ दिया दम



### परिजनों ने की जल्द हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग

परिजनों का कहना है कि वह हमलावरों को अच्छे से पहचानते हैं और उनकी शीघ्र गिरफ्तारी की जानी चाहिए। उन्होंने पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। पुलिस ने मामले में टीमों का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

गांव रोहणा में घर के अंदर दोस्तों संग हंसी मजाक कर रहे युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या का आरोप गांव के ही पांच युवकों पर लगा है। युवक को गोली लगने के बाद रोहतक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां देर रात उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। रोहतक में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामले में पांच आरोपियों को नामजद किया है।

गांव रोहणा निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा योगेंद्र (39) सोमवार शाम को घर पर अपने दो-तीन दोस्तों संग बैठे थे। वह आपस में हंसी मजाक कर रहे थे। इसी दौरान गांव का सुनील उर्फ पंखा वहां पहुंचा और योगेंद्र के साथ गाली-गलौज करने लगा। योगेंद्र ने उसे कहा था कि वह अपने घर में हंसी मजाक कर रहे हैं। उनके बेटे ने सुनील को शांत रहने और घर लौटने को कहा। जिस पर सुनील ने धमकी दी कि वह उसे देख लेगा और वहां से चला गया। कुछ ही देर बाद सुनील अपने चार अन्य साथियों के साथ उनके घर पर पहुंचा। उनमें गांव के ही अनिल के पास बंदूक थी। उसके साथ संदीप उर्फ थोथा, डीलू, सुनील और एक अन्य युवक था। सभी ने मिलकर योगेंद्र पर हमला कर दिया।

### सीने मे मारी गोली

सुरेंद्र ने बताया कि इसी दौरान अनिल ने योगेंद्र के सीने में गोली मार दी। जिससे वह घायल हो गए और भागने की कोशिश करने लगे। अन्य आरोपियों ने उनके बेटे को भागने भी नहीं दिया। गोली लगने से योगेंद्र गंभीर रूप घायल हो गए। उसके बाद हमलावर भाग निकले। उन्होंने अपने बेटे को रोहतक के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर उनके बेटे की देर रात उपचार के दौरान मौत हो गई।मामले की सूचना के बाद खरखौदा थाना पुलिस रात को गांव रोहणा पहुंची और फॉरेंसिक लैब एक्सपर्ट की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए। पुलिस ने देर रात रोहतक पहुंचकर शव को कब्जे में ले लिया। रोहतक में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने सुरेंद्र के बयान पर पांच आरोपियों अनिल, संदीप उर्फ थोथा, डीलू, सुनील और एक अन्य युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घर जा रहे युवक का रास्ता रोककर पीट-पीटकर घायल करने और धमकी देने का आरोप लगयाा

**सोनीपत।** सदर थाना क्षेत्र में घर जा रहे युवक का रास्ता रोककर उसे पीट-पीटकर घायल करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। मोहन नगर निवासी रोहित ने बताया कि वह गत चार अप्रैल को वह खरखौदा से निजी वाहन में आया था। वह कालूपुर चुंगी पर उतरकर घर जाने लगा। उसी दौरान रास्ते में खड़े युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। उसे घायल कर धमकी देकर हमलावर फरार हो गए। घायल अवस्था में उपचार के लिए वह नागरिक अस्पताल में पहुंचा। जहां चिकित्सक ने उसे रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां उसने अपना उपचार करवाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई कमलदीप ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जल्द से जल्द आरोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी

### पुरानी गाड़ियां दिलवाने के नाम पर पेट्रोल पंप संचालक से 20.5 लाख ठगे, दो पर केस दर्ज

**गन्नौर।** गाड़ी दिलवाने का झांसा देकर दो युवकों ने एक पेट्रोल पंप संचालक से 20.5 लाख रुपये ठग लिए। रुपये वापिस मांगने पर आरोपितों की तरफ से उन्हें धमकी मिल रही है। पीड़ति ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त को दी। जिस पर उन्होंने गन्नौर पुलिस को कार्रवाई के आदेश दिए। इस पर गन्नौर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव खिजरपुर अहीर निवासी शमशेर ने बताया कि उसका गुरुग्राम में साझेदारी में पेट्रोल पंप है। दिसंबर 2023 में पेट्रोल पंप पर उसकी मुलाकात पलवल निवासी सुबीन और नासिर से हुई। दोनों ने खुद को वाहन फाइनेंस कारोबारी बताकर विश्वास में लिया और 20.5 लाख रुपये की ठगी की। शमशेर ने बताया कि उन्होंने उसे एक क्रेटा और एक फार्च्यूनर गाड़ी देने का झांसा दिया, लेकिन ना गाड़ियां दीं और ना ही पैसे लौटाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि अब आरोपितों की तरफ से उसे फोन पर जान से मारने की धमकी भी दी



गन्नौर। विधायक देवेन्द्र कादियान कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर प्रचार रथ रवाना करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागरूकता को लेकर प्रचार रथ किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गन्नौर

- विधायक देवेन्द्र कादियान ने रथ को हरि झंडी दिखाकर रवाना किया

एसआरके स्किल सेंटर एवं एचकेसीएल पंचकूला के संयुक्त तत्वावधान में आईटी जागरूकता प्रचार रथ को विधायक देवेन्द्र कादियान ने हरि झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों को कंप्यूटर कोर्स और गुणवत्ता युक्त कंप्यूटर शिक्षा के प्रति जागरूक करना था। जिसमें बताया कि छात्र जागरूकता के अभाव में प्राइवेट कंप्यूटर संस्थानों में दाखिला ले लेते हैं, जहां उन्हें मान्यता प्राप्त डिप्लोमा नहीं मिल पाता।

विधायक देवेन्द्र कादियान एचकेसीएल का अधिकृत कंप्यूटर केंद्र में सरकारी मान्यता प्राप्त कुछ कोर्स सरकारी योजना के तहत निशुल्क करवाए जाते है। छात्रों को लाभ उठाना चाहिए। सैंटर संचालक जोगेन्द्र ने कहा कि उनका प्रयास है कि हर घर तक कम्पयूटर शिक्षा पहुंचे। इस अवसर पर एचकेसीएल पंचकूला से मनप्रीत , जैन कन्या कालेज के डायरेक्टर डॉ. मनोज, सुनील उर्फ लंबू, समाजेसवी अंकित मल्होत्रा, सुरेश चौहान, सेंटर संचालक जोगेन्द्र व स्टाफ मौजूद था।

### कारखाने की खिड़की तोड़कर तार चोरी करने का आरोपित गिरफ्तार

- अदालत ने आरोपित को भेज दिया जेल

**सोनीपत।** कुंडली थाना सोनीपत पुलिस ने कारखाने की खिड़की तोड़कर तांबे की तार चोरी करने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। आरोपित मोनू निवासी गांव सेरसा का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। वाजिदपुर सबोली निवासी चंद्रशेखर ने गत 1 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया कि उनकी कंपनी के कारखाने की खिड़की तोड़कर चार सौ किलोग्राम तांबे की तारों को किसी ने चोरी कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। सहायक उप निरीक्षक अनिल की टीम ने एक आरोपित को पहले गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में शामिल दूसरे आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया।

### कंपनी के बाहर पार्किंग से कर्मचारी का दो पहिया वाहन चोरी

- पीड़ित ने पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत

**सोनीपत।** कुंडली थाना क्षेत्र में स्थित कंपनी के बाहर पार्किंग से कर्मचारी का दो-पहिया वाहन चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी खंगाल रही है। ताकि कोई सुराग पुलिस के हाथ लग सके।

विकास कॉलोनी उत्तर पश्चिम दिल्ली निवासी ब्रह्मदेव ने बताया कि वह कुंडली औद्योगिक क्षेत्र में स्थित कंपनी में नौकरी करता है। हर रोज की तरह 21 अप्रैल को अपने दो-पहिया वाहन बाइक पर कंपनी में पहुंचा। बाइक को पार्किंग में खड़ी करके अंदर चला गया। ड्यूटी खत्म होने के बाद वापस बाहर आया तो पार्किंग में खड़ी बाइक नहीं मिली। अपने स्तर पर बाइक की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया।

## कबड्डी खेल टीम वर्क, अनुशासन व साहस को देता है बढ़ावा : सुरेंद्र पंवार



सोनीपत। पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार को चैम्पियनशिप के दौरान शॉल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते हुए है साथ में सांसद पंडित सतपाल ब्रह्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

- पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कबड्डी प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि की शिरकत

पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि कबड्डी एक महत्वपूर्ण खेल है जो न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी खिलाड़ियों को मजबूत करता है। यह खेल टीमवर्क, अनुशासन व साहस को बढ़ावा देता है, कबड्डी हमारी संस्कृति का भी एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार हरियाणा स्टेट सब जूनियर कबड्डी चैम्पियनशिप में सांसद पंडित सतपाल ब्रह्मचारी के साथ बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने के उपरांत खिलाड़ियों को संबोधित कर रहे थे।पूर्व विधायक सुरेंद्र पंवार ने कहा कि पहले और आज की तुलना में कबड्डी खेल बहुत ही ऊंचाईयों पर पहुंचा है। कबड्डी के खेल को ऊंचाईयों तक ले जाने में सबसे बड़ी भूमिका हमारे कोच साहिबानों व हरियाणा के उर्जावान खिलाड़ियों की रही है। जिन्होंने अपने प्राचीन खेल को न सिर्फ एक नई राह देने का काम किया सांसद पडिंत सतपाल ब्रह्मचारी ने कहा कि इस प्रतियोगिता के माध्यम से सभी खिलाड़ियों एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि खेल को हमेशा खेल की भावना से खेले। खेल में हार-जीत होती रहती है। इस दौरान कुलदीप दलाल, रामबीर खोखर, दोर्णाचार्य अवार्डी, नसीब सिंह, बलबीर पहल, निशांत खत्री, कुलदीप पहल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।



### बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया

**गन्नौर।** बाल भवन इंटरनेशनल स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर रंग भरो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा बाल वाटिका 2 व 3 के छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में बाल वाटिका 2 से देव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कीर्ति ने द्वितीय स्थान और सोहन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। बाल वाटिका 3 में क्रिस्टि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि श्याम ने द्वितीय स्थान और विराज ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को प्रधानाचार्य जय भारत गुप्ता ने प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

## शिवा शिक्षा सदन की पूर्व छात्रा निधि ने यूपीएससी की परीक्षा पास की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत



- सिविल सेवा परीक्षा में 978वां रैंक हासिल किया

शिवा शिक्षा सदन की पूर्व छात्रा निधि पुत्री रघुबीर सिंह ने सिविल सेवा परीक्षा में 978वां रैंक हासिल किया है। निधि की इस उपलब्धि पर शिवा शिक्षा सदन की प्रबंध समिति से लेकर स्टाफ तक सब ने खुशी जाहिर की है। संस्थान के प्रबंधक वीरेंद्र कुमार बंसल ने बताया कि निधि, शिवा शिक्षा सदन की नर्सरी कक्षा से ही छात्रा रही हैं।

### दसवीं में लिए थे 10 सीजीपीए

उन्होंने वर्ष 2017-18 में कक्षा 12वीं में 93.2% अंक व कक्षा दसवीं में 10 सीजीपीए अर्जित कर विद्यालय के टॉपर्स की सूची में अपना स्थान बनाया था। प्रारंभ से ही निधि एक मेधावी, जिज्ञासु और प्रेरणादायक छात्रा रहीं, जो हर विषय को गहराई से समझने के लिए शिक्षकों से निरंतर मार्गदर्शन लेती थीं। संस्थान की प्रधानाचार्या अल्का विज ने फोन पर निधि और उनके परिवार को इस अद्भुत सफलता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा, निधि जैसी छात्राएं संस्थान की असली पहचान हैं, जो अपने समर्पण, मेहनत और नैतिक मूल्यों से समाज में एक मिसाल बनती हैं। संस्थान के निदेशक अरुण बंसल ने इस उपलब्धि पर पूरे शिवा परिवार और शिक्षकों को बधाई दी।

## खिलाड़ियों ने नेशनल स्केटिंग चैंपियनशिप में जीते 4 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा

जयपुर, राजस्थान में आयोजित नेशनल रीबाउंड बॉल स्केटिंग चैंपियनशिप में प्रताप स्कूल खरखौदा के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 1 गोल्ड व 3 सिल्वर मैडल सहित कुल 4 पदक अपने नाम किए। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि से खिलाड़ियों ने प्रदेश का विशेष रूप से सोनिपत जिले का नाम भी राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।

पदक विजेताओं में यश राणा ने स्वर्ण पदक जीतकर देशभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया।



जबकि विशेष, तनय और श्रीकांत ने रजत पदक हासिल किए। ये खिलाड़ी पहले भी राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं और इस बार भी उन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी का दिल जीत लिया। प्रताप स्कूल पहुंचने पर द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित ओम प्रकाश दहिया, प्राचार्य दया दहिया, शैक्षणिक निदेशक डॉ. सुबोध दहिया और स्केटिंग कोच सुमनलता ने खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर द्रोणाचार्य अवार्डी ओपी दहिया ने कहा कि प्रशिक्षण और अनुशासन के बल पर ही ये खिलाड़ी लगातार राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। भविष्य में ये खिलाड़ी इंटरनेशनल लेवल पर पदक प्राप्त कर देश का नाम रोशन करेंगे।



सोनीपत। रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं को सम्मानित करते हुए संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

## विधायक व मेयर ने शिविर में बढ़ाया रक्तदाताओं का हौंसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

जैन मिलन चिंतामणि द्वारा रविवार को स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन के साथ संयुक्त रूप से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कम्युनिटी सेंटर सेक्टर-12 में यह शिविर आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं ने रक्तदान किया एवं रक्तदान के माध्यम से जीवन बचाने के बारे में भावपूर्ण उदाहरण प्रस्तुत किया। रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं के लिए जैन मिलन चिंतामणि द्वारा जलपान की भी व्यवस्था की गई। विधायक निखिल मदान, एवं मेयर राजीव जैन ने भी शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का हौंसला बढ़ाया। इस मौके पर अध्यक्ष सुमित जैन, सचिव अंकित जैन, नितिन जैन, अनंत जैन, अंकेश जैन एवं अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

### चाइल्ड केयर स्कूल के छात्रों ने निकाली रैली



**गन्नौर।** पृथ्वी दिवस के अवसर पर चाइल्ड केयर इंटरनेशनल स्कूल के बच्चों ने गांव-गांव जाकर लोगों को पृथ्वी पर सभी जीवो को बचाने के लिए प्रभात फेरी और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से संदेश दिया। छात्रों ने अपील करते हुए रैली के माध्यम से कहा कि गेहूं निकलने के बाद फांस को जलाने के बजाय पानी देकर खाद का स्वरूप दे।

### न्यू टैगोर स्कूल में पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम हुआ



**राई।** न्यू टैगोर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। इस मौके पर स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने कविता, लघु नाटिका, सुविचार आदि के माध्यम से धरती बचाओ जीवन बचाओ का संदेश दिया। स्कूल के चेयरमैन सुरेश कुमार शर्मा ने स्कूल के प्रांगण में छात्रों के साथ मिलकर पौधे लगाए।

### रेणु विद्या मंदिर में विश्व पृथ्वी दिवस मनाया



**राई।** रेणु विद्या मंदिर में विश्व पृथ्वी दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसमें संस्थान के समावेशी छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष शिक्षक चेतन शर्मा ने पृथ्वी दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पृथ्वी हमारा घर है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। दीपक कुमार (वाणी चिकित्सक) ने छात्रों को पृथ्वी दिवस के इतिहास और इसके उद्देश्यों के बारे में विस्तार से बताया। छात्रों ने पोस्टर बनाकर और नारे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।



गोहाना। कलाकृति पट पर अपने हस्ताक्षर करते हुए कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

## विवि में तीन दिवसीय पेंटिंग प्रदर्शनी वर्कशाप का आगाज

**गोहाना।** भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के छात्र कल्याण अधिष्ठाता विभाग व नेशनल इंटीग्रेटेड फॉर्म ऑफ आर्टिस्ट एंड एक्टिविटीज के तत्वाधान में मंगलवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय पेंटिंग प्रदर्शनी और वर्कशॉप का शुभारंभ हो गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ बतौर मुख्य अतिथि महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त आर्टिस्ट रविंद्र शर्मा और निफ्फा के अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू थे। उनके अनुसार 2000 में स्थापित यह संस्था इस वर्ष सितम्बर में अपने 25 साल पूरे करने जा रही है। अपने सिल्वर जुबली वर्ष में संस्था संस्था का पहला लक्ष्य ढाई लाख यूनिट ब्लड इकट्ठा करना, 25 लाख पौधे लगाना व 25 लाख युवाओं को इसके प्रति प्रोत्साहित करना है। इसके साथ एक ऐसे ऐप की स्थापना करना जिससे किसी को कहीं भी खून की जरूरत हो तो उसकी जरूरत तुरंत पूरी हो सके। कार्यक्रम की रूपरेखा डॉ. मनोज मलिक ने प्रस्तुत की।

PARAS® CA
INSTITUTE OF COMMERCE PVT. LTD.
PIONEER INSTITUTE FOR CA COACHING SINCE 1995
ADMISSION OPEN for NTT
नर्सरी टीचर ट्रेनिंग
B.Ed. & D.L.Ed.
NEAR CITY MALL, SONIPAT
Call : 9149112716, 7015755714